तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार, 25 फरवरी 2025


ब्रह्माकुमारीज द्वारा नवनिर्वाचित नगर... 12


बाल श्रम अपराध कार्रवाई के लिए... 12



## खबर संक्षेप



### होली के आगमन का संदेश दे रहा पलाश के फुल

**दुर्गूकोंदल।** फागुन के महीने की शुरुआत होते ही अंचल में होली पर्व के आगमन को लेकर मौसम में परिवर्तन के साथ फूलों का रंग की बाहर देखने को मिल रही है। होली के पर्व के पूर्व अंचल में पलाश का फूल दिख रहे हैं, जो काफी मनमोहक सुंदरता लुभावना प्रतीत हो रहा है। यह पलाश के फूल आपको रिझाते नजर आएंगे। फागुन की दस्तक के साथ पलाश अब धीरे-धीरे अपने शबाब पर आने लगा है। आड़े टेढ़े पलाश के पेड़ बिना फूल के बहुत अजीब से लगते हैं पर जैसे ही फूल आते हैं पूरे क्षेत्र की रौनक बदलकर रख देते हैं। नैसर्गिक सौंदर्य ने पूरे क्षेत्र को अपने आगोश में ले लिया है।

### जनपद सदस्यों को दिया गया प्रमाण पत्र



**दुर्गुकोंदल।** जिले के जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के लिए जनपद सदस्य पद के लिए क्षेत्र क्रमांक 01 कलंगपुरी से सुलोचना कोरेटी, क्षेत्र क्रमांक 02 हाटकोंदल से आनंद कुमार तेता, क्षेत्र क्रमांक 03 लोहत्तर से विकास राजू नायक, क्षेत्र क्रमांक 04 बरहेली से पीलम नरेटी, क्षेत्र क्रमांक 05 भंडारडिग्गी से सविता उयके क्षेत्र क्रमांक 06 सुरूंगदोह से निर्मला कोवाची, क्षेत्र क्रमांक 07 कोण्डे धनसाय हुर्रा, क्षेत्र क्रमांक 08 दुर्गूकोंदल से गोपी बढ़ाई, क्षेत्र क्रमांक 09 कोड़ेकुर्सी से अमृत कोटिंगला, क्षेत्र क्रमांक 10 हामतवाही से सुशीला गावड़े, क्षेत्र क्रमांक 11 कोदापाखा से हेमलता उइके को प्रमाण पत्र दिया गया।

**चुनाव :** 13 जिला पंचायत सदस्यों में 7 भाजपा, 4 कांग्रेस और दो निर्दलीय हैं

# जिला पंचायत में भाजपा को बहुमत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के सवाल पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीनों चरण के चुनाव के उपरांत जिला पंचायत सदस्य की दो चरण की विधिवत घोषणा हो चुकी है, वहीं तीसरे चरण के 4 जिला पंचायत सदस्यों की घोषणा आज होगी। तीसरे चरण से मिले आंकड़ो से 13 जिला पंचायत सदस्य में से भाजपा के अधिकृत 7 सदस्य जीत चुके है। इसके अलावा 2 निर्दलीय और 4 कांग्रेस के कब्जे में है। भाजपा का अध्यक्ष व उपाध्यक्ष बनाने को लेकर पूर्ण बहुमत मिल चुका है।

- भाजपा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव पर्यवेक्षक कौन होगा? है चर्चा का विषय
- अंतागढ़ विस से विजयी जिपं सदस्य को अध्यक्ष बनने का मौका मिल सकता है

जानकारी के अनुसार प्रथम चरण में 06 जिला पंचायत क्षेत्र के लिए चुनाव हुआ, जिसमें जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 से कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी मृदुला भास्कर, क्षेत्र क्रमांक 02 से सुलोचना मेश्राम, क्षेत्र क्रमांक 03 से कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी सावित्री संजना वट्टी, क्षेत्र क्रमांक 04 से भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी तारा ठाकुर, क्षेत्र क्रमांक 05 से भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी तिजेश्वरी सिन्हा और क्षेत्र क्रमांक 06 से भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी किरण नरेटी ने जीत हासिल किया। दूसरे चरण में 03 जिला पंचायत क्षेत्र के लिए चुनाव हुआ, जिसमें क्षेत्र क्रमांक 07 पर कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी झरना हेमंत ध्रुव, क्षेत्र क्रमांक 08 पर भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी देवेंद्र कुमार टेकाम, क्षेत्र क्रमांक 09 से निर्दलीय प्रत्याशी देवलाल नरेटी ने जीत हासिल किया। तीसरे चरण में 04 जिला पंचायत क्षेत्र के लिए चुनाव हुआ, जिसमें क्षेत्र क्रमांक 10 से निर्दलीय गुप्तेश उसेंडी, क्षेत्र क्रमांक 11 से भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी कामिनी उसेंडी, क्षेत्र क्रमांक 12 से भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी सुनीता मंडल और क्षेत्र क्रमांक 13 से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी दीपांकर राय जीतकर आएं है।


तारा ठाकुर | कामिनी उसेंडी | किरण नरेटी | तिजेश्वरी सिन्हा | सुनीता मंडल


देवेंद्र टेकाम | दीपांकर राय | मृदुला भास्कर | झरना हेमंत ध्रुव | संजना वट्टी


गुप्तेश उसेंडी | देवलाल नरेटी | सुलोचना मेश्राम

### भाजपा को मिला बहुमत

जिला पंचायत के 13 सदस्यो में से भाजपा के 07 जिला पंचायत सदस्य जीतकर आएं है, इससे यह तय है कि भाजपा को बहुमत मिल गया है। भाजपा के अधिकृत सातों जिला पंचायत सदस्य पार्टी के निर्णय को सर्वोपरि मानते हुए वोटिंग किया, तो तय है कि भाजपा का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनना तय है। भाजपा पार्टी किसे अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए अधिकृत करती है, यह पार्टी के पदाधिकारी ही जान सकते है। भाजपा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को लेकर किस पर्यवेक्षक बनाते है, यह आने वाला समय ही बताएगा।

### अंतागढ़ विधानसभा को मिल सकता है मौका

विधानसभा कांकेर में 04 जिला पंचायत क्षेत्रों में से भाजपा को एक में जीत और तीन में नुकसान उठाना पड़ा। विधानसभा चारामा में 05 जिला पंचायत क्षेत्र में से 03 पर भाजपा और 02 सीट पर नुकसान उठाना पड़ा। विधानसभा अंतागढ़ में 04 जिला पंचायत क्षेत्र में से 03 पर भाजपा और 01 सीट पर नुकसान उठाना पड़ा। जीत का प्रतिशत सबसे ज्यादा अंतागढ़ विधानसभा का रहा, इसलिए अंतागढ़ विधानसभा से विजयी जिला पंचायत सदस्य को अध्यक्ष बनने का मौका मिल सकता है।

### कांग्रेसियों को चार सीट पर मिली जीत

कांग्रेस ने 13 जिला पंचायत क्षेत्र में से केवल 9 क्षेत्र पर ही प्रत्याशियों को अधिकृत किया था, जिसमें से केवल 3 सदस्य क्षेत्र क्रमांक 01 से मृदुला भास्कर, क्षेत्र क्रमांक 03 से सावित्री संजना वट्टी और क्षेत्र क्रमांक 07 से झरना हेमंत ध्रुव ने जीत हासिल किया है, अन्य 07 पर कांग्रेस को नुकसान उठाना पड़ा। इसके अलावा क्षेत्र क्रमांक 02 पर किसी भी प्रत्याशी को अधिकृत नहीं किया था, परंतु जिला पंचायत के उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला ने सुलोचना मेश्राम पर दांव लगाया और अंततः उनको जीत दिलवाने में कामयाब रहे।

### दो सीट निर्दलीय प्रत्याशी के खाते में

जिला पंचायत का क्षेत्र क्रमांक 09 में भाजपा और कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा। इस सीट पर निर्दलयी प्रत्याशी देवलाल नरेटी ने जीत हासिल किया है। यह आप पार्टी से जुड़े हुए है, चुनाव के समय आप ने एक भी प्रत्याशी अधिकृत नहीं किया था। जिला पंचायत का क्षेत्र क्रमांक 10 पर भाजपा और कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा, इस क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी गुप्तेश उसेंडी ने जीत हासिल किया।

## एनएच 30 पर पर खड़ी कार से टकराई बाइक, एक गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर लखनपुरी और नाथियानवागांव में सड़क हादसे की घटना हुई, जिसमें घायलों को ईलाज के लिए भेजा गया, वहीं नाथियानवागांव की घटना के दौरान उस ईलाके से जा रही भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी ने रूककर घायलों के बारे में जानकारी लिया और बेहतर ईलाज के लिए जिला अस्पताल पहुँचाया। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में लखनपुरी पेट्रोल पंप के पास सोमवार 24 फरवरी को दोपहर लगभग ढाई बजे के आसपास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बाइक खड़ी कार से जा टकराई, जिससे बाइक पर सवार दो युवकों में से एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 संजीवनी वाहन की मदद से घायल युवक को चारामा अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। बाइक की रफ्तार तेज थी, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया और खड़ी कार से टकरा गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि हादसा लापरवाही से हुआ या फिर कोई अन्य कारण था।

- भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी ने घायलों की जानकारी, बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुँचाया

### भानुप्रतापपुर विधायक ने दिखाई मानवता



राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर नाथियानवागांव के पास 23 फरवरी रविवार को रात लगभग साढ़े 8 बजे विधायक सावित्री मंडावी का काफिला पहुँचा था, तभी देखा कि एक युवक सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा है। विधायक ने काफिले को रोककर घायल के बारे में जानकारी लिया और संजीवनी 108 बुलाकर घायल को बेहतर ईलाज के लिए जिला अस्पताल कांकेर भिजवाया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अज्ञात चार पहिया वाहन ने एक बाइक सवार को टक्कर मारकर फरार हो गया, जिससे बाईक चालक युवक सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा था।

## पंचायत चुनाव के जीत के जश्न में मारपीट, काउंटर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 42 में पंचायत चुनाव के बाद जीत की खुशी मनाने के दौरान दो पक्षो में जमकर विवाद हो गया। विवाद धीर-धीरे मारपीट में बदल गया और दोनो पक्ष ने एक दूसरे के साथ हाथा-पाई किया। घटना के बाद दोनो पक्ष ने थाना में शिकायत किया, जिस पर पुलिस ने काउंटर केस दर्ज किया। थाना में शिकायत करने पहुंची पीव्ही 42 विद्यानगर निवासी शिप्रा बवाली ने पुलिस को बताया कि 23 फरवरी को पंचायत चुनाव संपन्न हुआ। रात करीबन साढ़े 9 बजें मेरे घर के सामने पीव्ही 42 में जीतने वाले पक्ष के निवारण मंडल, निराब मंडल, राजा मंडल व उसके साथी के द्वारा गाली गलौज कर जान से मार दूंगा बोल रहे थे। तब मेरे पति गौतम बवाली के द्वारा गाली देने से आरोपियों को मना किया गया। आरोपियों द्वारा आवेश में आकर पति के साथ मारपीट किया गया। मारपीट होते देखकर मेरा जेठ उत्तम बवाली और परिवार के आरती बवाली, रिंकु बवाली, शिप्रा बवाली, अवंतिका बवाली आए तो उन लोगों के साथ भी हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। मेरे जेठ के कान के पास चोट लगा है और मेरे पति गौतम बवाली को नुकीले चीज से हमला करने के कारण बांए हाथ में चोट आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों ▶▶| शेष पेज 10 पर




**कृषि महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव उमंग 2025 का हुआ आयोजन**

# कृषि शिक्षा के माध्यम से किसानों को दी जा सकती है तकनीकी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र एवं कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र पखांजूर के संयुक्त तत्वाधान में वार्षिक उत्सव उमंग 2025 का आयोजन मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल और विशिष्ट अतिथि कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के आधिपत्य में किया गया।

मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने छात्र-छात्राओं को नवीन शिक्षा निति के पाठ्यक्रम में संचार कौशल का महत्व एवं व्यक्तित्व निर्माण मे योगदान पर अवगत कराते हुए कहा हम कृषि शिक्षा प्राप्त कर, तकनीकी ज्ञान किसानो तक कैसे पहुंचाए, यह बातें वर्तमान शिक्षा नीति से पूरा किया जा सकता है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली के दिशा निर्देश के तहत हो रहे अध्यापन एवं उपलब्ध संसाधन से भविष्य में दूसरे राज्यों के छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षा प्राप्त करने का एक अच्छा मौका होगा, साथ ही राज्य के बच्चे दूसरे राज्य के प्रवेशित बच्चों के साथ अपना भविष्य बना सकते है। कलेक्टर ने शिक्षा की गुणवत्ता पर जोर देते हुए छात्र-छात्राओं को अच्छे ▶▶| शेष पेज 10 पर



### कुलपति ने गतिविधियों का किया अवलोकन

मुख्य अतिथि ने महाविद्यालय में चल रहे अनुसन्धान कार्य, छात्रावासों और निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। प्रयोगशालाओं का भ्रमण कर प्राध्यापकों को आवश्यक उपकरण उपलब्ध करने की बात कही व महाविद्यालय की प्रगति पर खुशी जाहिर करते हुए महाविद्यालय के ग्रेडिंग के लिए आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। इस दौरान छात्र संघ के पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण भी कुलपति ने कराया।

### तनीषा ने जीता स्टूडेंट ऑफ इयर का खिताब

कार्यक्रम के दौरान खेलकूद, सांस्कृतिक एवं व्यक्तित्व के क्षेत्र में अपना जौहर दिखाने वाले छात्र-छात्राओं को पदक व प्रमाण पत्र वितरित किया गया, जिसमें स्टूडेंट ऑफ दी ईयर का खिताब तनीषा पटेल ने अपने नाम किया। छात्र छात्राओं ने गेड़ी डांस, बस्तरिया लोक नृत्य, क्लासिक डांस, छत्तीसगढ़ी व अन्य राज्यों के लोकननृत्यों की नयनाभिराम प्रस्तुति देकर अतीथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र प्रभारी डॉ. बीरबल साहू सहित महाविद्यालय के कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित थे।

हरिभूमि
पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969



नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप



### पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, वाहन सवार दंपति घायल

**फरसगांव।** नेशनल हाइवे-30 फरसगांव नगर के बड़ेडोंगर चौक में सोमवार को करीब 12 बजे फरसगांव बाजार आ रही पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार ग्राम धनोरा निवासी लोकचंद्र ठाकुर और उसकी पत्नी धनेश्वरी ठाकुर घायल हो गए। धनेश्वरी ठाकुर के सर में गंभीर चोट आई है। दोनों घायलों को उसी पिकअप वाहन से उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाया गया। जहां दोनों घायलों का इलाज फरसगांव अस्पताल में जारी है ।

### रोजगार मेला 27 को 521 पदों पर होगी भर्ती

**कोण्डागांव।** जिला कोण्डागांव एवं अन्य जिले के शिक्षित युवकों और युवतियों के लिए कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मॉडल कैरियर सेन्टर कोण्डागांव द्वारा 27 फरवरी को लाईवलीहुड कॉलेज कोण्डागांव में पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के 6 नियोजकों द्वारा अपनी–अपनी संस्थाओं में 521 विभिन्न पदों पर कार्य करने के लिए भर्ती की जाएगी। इस रोजगार मेले के माध्यम से निजी क्षेत्र में नियोजित होने के इच्छुक एवं पात्र युवक–युवतियां अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता, रोजगार पंजीयन निवास, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि, मूल दस्तावेज, छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ सहित उक्त दिवस को रोजगार मेला में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### कारागांव व सोड़मा में नेटवर्क प्राब्लम, टावर लगाने की मांग



**कोण्डागांव/फरसगांव।** जिले के अंतर्गत ग्राम कारागांव और सोड़मा में जीयो नेटवर्क की समस्या से उपभोक्ता लगातार परेशान हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि नेटवर्क की बेहद कमजोर कनेक्टिविटी के कारण मोबाइल से जुड़े ऑनलाइन कार्योंर् में भारी दिक्कत हो रही है। वर्तमान समय में पोस्ट ऑफिस से जुड़े कार्य, आधार के माध्यम से पैसे निकासी, स्कूलों में ऑनलाइन रिपोर्टिंग सहित अन्य शासकीय कार्य मोबाइल नेटवर्क पर निर्भर हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि क्षेत्र में जीयो नेटवर्क न के बराबर उपलब्ध है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कंपनी को नेटवर्क सुधारने व एक नया टावर लगाने के लिए आवेदन भी दिया था। लेकिन अब तक इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है। उपभोक्ताओं ने कंपनी से जल्द से जल्द नेटवर्क की समस्या का समाधान करने की मांग की है, ताकि वे निर्बाध रूप से डिजिटल सेवाओं का उपयोग कर सकें।

# बोर्ड परीक्षा के लिए गोपनीय सामग्रियों का किया गया वितरण

**82 परीक्षा केंद्रों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, संवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा मार्च के पहले सप्ताह से आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षाओं के लिए गोपनीय सामग्री का वितरण सोमवार को स्थानीय बॉयज स्कूल नोडल केंद्र से किया गया। जिले भर में 82 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें 18 संवेदनशील और 3 अति संवेदनशील केंद्र शामिल हैं। गोपनीय सामग्रियों को 13 वाहनों के माध्यम से परीक्षा केंद्रों के निकटतम पुलिस थानों एवं चौकियों तक भेजा गया। परीक्षा के दिन प्रत्येक केंद्र के केंद्राध्यक्ष पुलिस थाने से विषयवार प्रश्न पत्र प्राप्त कर उन्हें निर्धारित परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाएंगे।

परीक्षा सामग्रियों के सुचारू वितरण और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा पुलिस बल की तैनाती की गई थी। संवेदनशील और अति संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने यह स्पष्ट किया है कि परीक्षा सामग्रियों की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं। गोपनीय सामग्रियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने की प्रक्रिया पूरी तरह नियंत्रित एवं निगरानी में होगी।

#### 82 परीक्षा केंद्रों में 18 संवेदनशील और 3 अति संवेदनशील घोषित

बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में कुल 82 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें से 18 को संवेदनशील और 3 को अति संवेदनशील घोषित किया गया है। इन केंद्रों पर विशेष सतर्कता बरतने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा।



#### नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए सख्त निर्देश

परीक्षा को नकलमुक्त और पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन ने सभी परीक्षा केंद्रों पर सख्त निर्देश जारी किए हैं। परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और अनाधिकृत सामग्री के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है। परीक्षा के दिन केंद्राध्यक्ष स्थानीय पुलिस चौकी से प्रश्न पत्र प्राप्त करेंगे और सुरक्षा के साथ परीक्षा केंद्र तक पहुंचाएंगे। प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों से आग्रह की है कि वे परीक्षा में अनुशासन बनाए रखें और निर्धारित नियमों का पालन करें।

## झूला और खेल-तमाशे वालों की वेशेष जांच जरूरी क्योंकि हादसों की आशंका होती है

# वार्षिक मेला मार्च में कलेक्टर ने ली बैठक और तैयारी पर दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोण्डागांव जिले का पारंपरिक मेला मड़ई इस वर्ष 04 मार्च से 09 मार्च 2025 तक पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। मेले के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन को लेकर कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए एवं उनकी जिम्मेदारियां निर्धारित की गईं।

साफ–सफाई और व्यवस्था को लेकर विशेष निर्देश बैठक में तय किया गया कि मेले में दुकानें लगाने वाले सभी व्यवसायियों को अपनी दुकानों के सामने अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखना होगा ताकि स्वच्छता बनाए रखी जा सके। नगर पालिका को निर्देश दिया गया कि मेले के दौरान नियमित रूप से साफ–सफाई सुनिश्चित की जाए और देवी परिक्रमा मार्ग को सुव्यवस्थित किया जाए। मेले के दौरान रात्रि 10 बजे तक ही आयोजन की



अनुमति होगी। ध्वनि विस्तारक यंत्रें को भी रात 10 बजे तक ही सीमित और धीमी आवाज में उपयोग करने की अनुमति दी गई है। कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के उल्लंघन पर संबंधित नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेले के दौरान एंबुलेंस और चिकित्सकों की टीम तैनात की जाएगी ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। मेले के दौरान पुलिस विभाग द्वारा कंट्रोल रूम और सहायता केंद्र स्थापित किया जाएगा, जिससे सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके। मेले में विद्युत आपूर्ति, पेयजल एवं शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, डिप्टी कलेक्टर सुश्री रश्मि पोया, नगर पालिका सीएमओ दिनेश डे, मेला आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से आशा की गई है कि वे मेला आयोजन के दौरान नियमों का पालन करें और स्वच्छता व सुरक्षा बनाए रखने में सहयोग करें।

#### सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन

मेले में सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग द्वारा बेरिकेटिंग की जाएगी। इसके अलावा, सुगम यातायात व्यवस्था के लिए मंडी के पास, किशोर टॉकीज के पास एवं अन्य उपयुक्त स्थानों पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। प्रशासन द्वारा पार्किंग एडवाइजरी जारी की जाएगी ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

#### खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की होगी कड़ी निगरानी

खाद्य एवं औषधि विभाग को निर्देश दिया गया है कि संयुक्त टीम गठित कर मेले में बिकने वाले खाद्य पदाथोंर् का नियमित निरीक्षण किया जाए। यदि कोई गड़बड़ी पाई जाती है तो संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

#### झूलों की सुरक्षा की जांच जरूरी

लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया गया है कि मेले में लगाए जाने वाले सभी झूलों एवं खेल–तमाशों का सुरक्षा परीक्षण किया जाए। सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद ही झूलों को संचालन की अनुमति दी जाएगी।

## चार मवेशियों को रौंदकर अज्ञात वाहन हुआ फरार, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर पंचायत फरसगांव के नेशनल हाइवे-30 पर बस स्टेण्ड के किनारे सोमवार को सुबह 4 बजे के दरमियान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से सड़क पर सो रहे चार मवेशियों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मृत मवेशियों को फरसगांव पुलिस, बजरंग दल के कार्यकर्ता एवं नगर पंचायत के कर्मचारी उठाकर ले गए। बता दें कि इन दिनों नगर पंचायत के लोगों ने अपने जानवरों को घरों से बाहर निकाल दिया है, जिसके कारण काफी संख्या में मवेशी दर-दर भटक रहीं है। कुछ मवेशियों ने नगर के अंदर, तो वहीं कई हाइवे को अपना ठिकाना बनाये हुए है। जो अक्सर वाहनों की चपेट में आकर काल के गाल में समा रही है। विशेषकर रात्रि में हाइवे पर बैठी ये मवेशी हादसों को भी खुला निमंत्रण दे रही है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने परंपरागत 'रोका-छेका' अभियान की शुरुआत जोर-शोर के साथ की थी। सरकार बदलते ही अब यह अभियान ठंडे बस्ते में जाता नजर आ रहा है। सड़कों पर आए दिन पशुओं का



जमावड़ा लगा रहता है। जिन्हें हटाने नगर पंचायत अमला नाकाम है। सड़क हादसों की एक प्रमुख वजह आवारा पशुओं के सड़कों पर घूमने और जमावड़े को भी माना गया है। इन दुर्घटनाओं में जान मार की हानि होती है, बावजूद इसके इन मवेशियों को हटाने शासन प्रशासन अब तक नाकाम रहा है। फिलहाल फरसगांव पुलिस, और नगर पंचायत के कर्मचारी आवागमन को सुचारू बनाये रखने मृत 4 मवेशियों को वाहन में लादकर ले गये और दुर्घटना के लिए जिम्मेदार अज्ञात वाहन की जाँच पड़ताल के लिए सीसीटीवी कैमरों को खगालने मे जुटी हुई है।

## वाहन की डिक्की व थैले में हेलमेट रखने वालों के खिलाफ हुई कार्रवाई



**जगदलपुर।** यातायात पुलिस द्वारा शहर के मुख्य चौक चौराहों के अलावा हाईवे में बिना हेलमेट के वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। डीएसपी ट्रैफिक संतोष जैन ने बताया कि एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश पर लगातार बिना हेलमेट के वालन चलाने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत पिछले चार दिन में दो सौ से अधिक वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए समन शुल्क वसूला गया और उन्हे हेलमेट लगाने लगातार समझाइश भी दी जा रही है।

डीएसपी ने बताया कि अधिकतर हादसों की वजह तेज रफ्तार गाड़ी व हैलमेट नहीं लगाना है इसे देखते हुए सभी सरकारी दफ्तरों के अलावा चौक चौराहों व हाईवे में इस तरह का जांच अभियान चलाया जा रहा है। यातायात पुलिस की कार्रवाई को देखते हुए शहर आने वाले दुपहिया वाहन चालकों द्वारा रास्ता बदलकर वाहन चलाया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान दर्जनों ऐसे वाहन चालक मिले जो वाहन बिना हेलमेट के चला रहे थे तथा हेलमेट को वाहनों की डिक्की व थैले में रखे हुए मिले जिन्हे जागरूक करने समझाईश दी जा रही है कि हेलमेट बोझ नही बल्कि आपकी सुरक्षा के लिए है।

## पूर्व सैनिक भट्टाचार्य का परिषद ने किया सम्मान



**कोण्डागांव।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव के पदाधिकारियों ने 95 वर्षीय पूर्व सैनिक डी. एल. भट्टाचार्य से सौजन्य मुलाकात कर उनका सम्मान किया। 23 फरवरी 2024 को परिषद के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव और कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती ने डी. एन. के. कॉलोनी स्थित उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें पुष्पगुच्छ और शॉल भेंटकर सम्मानित किया। पूर्व सैनिक डी. एल. भट्टाचार्य ने बताया कि उनका चयन 1949 में भारतीय थल सेना के आर्मी सप्लाई कोर में हुआ था। उन्होंने मेरठ में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद दिल्ली, झांसी, पठानकोट, मेरठ और जम्मू–कश्मीर में अपनी सेवाएं दीं। वे 1962 के भारत–चीन युद्ध में भी शामिल रहे। सम्मान मिलने पर पूर्व सैनिक भट्टाचार्य ने अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव का आभार व्यक्त किया।

## केशकाल ब्लॉक में कांग्रेस को मिली बड़ी सफलता



**धनोरा/केसकाल।** केसकाल ब्लॉक के धनोरा में हुए पंचायत चुनाव में जहां बीजेपी को भारी नुकसान हुआ, वहीं कांग्रेस पार्टी ने अपनी जीत दर्ज की है, बताया जा रहा है कि बीजेपी ने सबसे पहले नगर पंचायत केसकाल में अध्यक्ष पद का चुनाव गंवाया। केसकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने जानकारी दी थी कि जिला से लेकर जनपद सरपंच व पंच चुनाव में बीजेपी ने जीत का दावा किया था, हालांकि धनोरा में हुए चुनाव में बीजेपी को धनोरा के मतदाताओं ने बाहर का रास्ता दिखाते हुए कांग्रेस पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान किया है। कांग्रेस पार्टी के युवा नेता कपिल नाग को जिला पंचायत सदस्य बनाया है, वहीं प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत सदस्य के रूप में कांग्रेस नेता कपिलकांत नाग ने बीजेपी प्रत्याशी को हराकर चुनावी समीकरण बिगाड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। कांग्रेस नेता नोहरूराम मंडावी को भी सरपंच चुनाव जीतने में सफलता मिली है। धनोरा के पंचायत चुनाव में बीजेपी प्रत्याशी को भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

## ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध

**कोण्डागांव।** वार्षिक परीक्षाओं के मद्देनजर जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रें के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह आदेश विद्यार्थियों एवं परीक्षार्थियों के अध्ययन में व्यवधान न हो, इसे ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुणाल दुदावत ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 5 (2) एवं 10 (2) के तहत 26 फरवरी 2025 से 31 मई 2025 तक रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रें के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। अधिनियम की धारा 13 (1) में उल्लेखित अवसरों को छोड़कर यह आदेश प्रभावी रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने पर धारा 15 के तहत दंडनीय कार्रवाई की जाएगी। ध्वनि विस्तारक यंत्रें के सीमित उपयोग की अनुमति देने के लिए संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दंडाधिकारियों को प्राधि—त किया गया है। सभी नागरिकों से अपेक्षा की गई है कि वे परीक्षा की शांति बनाए रखने में सहयोग करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जिपं क्षेत्र 5 और 6 में कांग्रेस ने मारी बाजी

जयलाल नाग की 8 हजार मतों से ऐतिहासिक जीत



**फरसगांव।** जनपद पंचायत फरसगांव के अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के चुनाव में क्षेत्र 05 और 06 से कांग्रेस के प्रत्याशियों ने जीत हासिल की। जिसमें जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 05 से कांग्रेस के प्रत्याशी जयलाल नाग और क्षेत्र क्रमांक 06 से श्रीमती कलता मंडावी ने जीत हासिल की है। जयलाल नाग ने भाजपा के प्रत्याशी कृष को करीब 8000 से अधिक मतों से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है । लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी जयलाल नाग ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओ को तगड़ा झटका दिया है। क्योंकि दूसरे चरण के मतदान में भाजपा अपने जिला पंचायत सदस्य के दोनों सीट बचाने में नाकाम रही। जयलाल नाग और कलता मंडावी की इस जीत ने क्षेत्र में कांग्रेस को मजबूती दी है। बल्कि क्षेत्र की राजनीति का समीकरण भी पूरी तरह बदल दिया है। क्योंकि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत से कांग्रेस बेकफुट में चली गई थी। जयलाल नाग ने वर्ष 2015 से अपनी राजनीतिक सफर की शुरुआत करते हुए कांग्रेस पार्टी से जुड़ गए। वर्ष 2015 में जयलाल नाग ने 21 साल की उम्र में सबसे पहले अपने गांव में सरपंच का चुनाव लड़े, लेकिन वह जीत नहीं पाए वह मात्र 6 वोट से हार गए। जिसके बाद वे कांग्रेस पार्टी से जुड़कर पार्टी के सक्रिय भूमिका निभाते रहे। विभिन्न जिम्मेदारियों के साथ उन्होंने अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत की और पार्टी के भीतर एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में पहचान बनाई। जिसमें लिए कांग्रेस पार्टी ने जयलाल नाग को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए फरसगांव ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया। फिर वर्ष 2020 में दुबारा अपने गांव में ही सरपंच का चुनाव लड़े और ऐतिहासिक जीत हासिल कर गांव का सरपंच बने। जयलाल नाग ने विधानसभा और लोकसभा चुनाव में अपने क्षेत्र में कांग्रेस को अच्छी लीड दिलाई। पार्टी ने संगठनात्मक और बेहतर कार्यों को देखते हुए पार्टी ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में उसे जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 05 का अधिकृत प्रत्याशी बनाया, जिसमें उन्होंने भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी को करीब 8000 मतों से हरा कर जीत दर्ज की है।

## निर्वाचन कार्य से अनुपस्थित डाटा एंट्री ऑपरेटर निलंबित

**बीजापुर।** रामाकृष्णा अनमुल डाटा एंट्री ऑपरेटर, कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी उसूर को त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तहत मतदान दलों को सामग्री वितरण एवं निर्वाचन पश्चात सामग्री प्राप्त करने हेतु स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आवापल्ली में उपस्थित होने हेतु आदेशित किया गया था। किन्तु रामाकृष्णा अनमुल सामग्री वितरण हेतु सौंपे गये कार्य से 18 फरवरी को उक्त स्थल पर अनुपस्थित पाये गये। मोबाइल पर संपर्क करने पर भी कोई जवाब नहीं दिया गया। अनमुल डाटा एन्ट्री आपरेटर द्वारा उक्त तिथि एवं स्थान पर अनुपस्थित रहकर समय पर सामग्री वितरण नहीं किया गया। जिसके कारण निर्वाचन जैसे अतिमहत्वपूर्ण कार्य में अनावश्यक व्यवधान उत्पन्न हुआ। निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतने के फलस्वरूप कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संबित मिश्रा ने उक्त डाटा एन्ट्री ऑपरेटर को प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, बीजापुर में मुख्यालय निर्धारित किया गया है।

**वर्ष में एक बार महाशिवरात्रि में शिवलिंग के दर्शन के लिए जुटते हैं श्रद्धालु**

# अबूझमाड़ की तुलार गुफा में महादेव के दर्शन को उमड़ेंगे भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

महाशिवरात्रि विशेष

दंतेवाड़ा जिले के गीदम के बारसूर होते हुए बारसूर से 30 किमी की दूरी पर अबुझमाड़ में तुलार गुफा स्थित है। बारसूर के नजदीक कौशलनार, मुचनार, बाघधार, टेमरुभाटा घाट से इंद्रावती नदी को पार करने के बाद कोसलनार, मंगनार, गुफा गांव होते हुए तोड़मा गांव तक यहां पहुंचा जा सकता है। सातधार से मंगनार तक कच्ची सड़क है, लेकिन इसके आगे का रास्ता बहुत ही ज्यादा खराब है। गुडरा नाला को तीन बार पार करते हुए यह सफर बहुत ही आकर्षक लगने लगता है।

यहां तक पहुंचने के लिए अनेक दुर्गम रास्तों से होकर गुजरना पड़ता है। ऊंची सुंदर पहाड़ियां, हरे भरे सुन्दर पेड़ पौधे व सफर के बीच कहीं जंगली जानवरों पशु पक्षी के साथ-साथ इंद्रावती नदी, कई छोटे बड़े झरने व





#### कई श्रद्धालुओं की हुई है मनोकामनाएं पूरी

बारसूर जोगेश्वर नाग ने बताया कि यह गुफा साल भर में एक बार ही खुलता है और यहां बचपन से आना-जाना करते हैं । उन्होंने कहा कि लोग अपनी मन्नत पूरी करने के लिए अक्सर तुलार धाम जाते हैं। किसी ने परेशानी को लेकर मन्नत मांगी तो कई लोगों ने बीमारियो को लेकर मन्नत मांगी थी। उसे भी भोले बाबा ने पूरी कर दिया है। इसीलिए यहां भक्तगण हर साल महाशिवरात्रि पर्व पर ही पहुंच पाते हैं। जीवन में होने वाली समस्या को दूर करने के लिए अबूझमाड़ में स्थित भोले बाबा तक पहुंचते हैं।

पथरीले रास्तों का सामना करते हुए आप तुलार धाम तोड़मा महादेव के समीप पहुंचेगे। गौरतलब है कि गत वर्ष थुलथुली और तुलार क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ भी हुई थी। हाल ही के दिनों में इसी तोड़मा गांव में नक्सलियों ने एक ग्रामीण और एक अतिथि शिक्षक को पुलिस का मुखबिर बताते हुए मौत के घाट उतार दिया था। इसी बात को लेकर श्रद्धालुओं में भय का माहौल बना हुआ है। यहां साल भर में एक बार ही महाशिवरात्रि के दिन भक्तों की अपार भीड़ तुलार गुफा में शिवलिंग के दर्शन के लिए जुटती है। जगदलपुर, कोंडागांव, नारायणपुर, कांकेर बचेली, दंतेवाड़ा, गीदम, बारसूर, भैरमगढ़ और बीजापुर क्षेत्र से अधिक श्रद्धालु गुफा में स्थित शिवलिंग की दर्शन करने पहुंचते हैं। बारसूर- गीदम - दंतेवाड़ा नगर व दूर दराज के कुछ श्रद्धालु एक दिन पूर्व पौंदल पहुंचकर सुबह से ही शिवलिंग पर जलाभिषेक चढ़ाते हैं। नक्सलियों के दहशत के चलते सड़क की मरम्मत बीते 30 वर्षों से नहीं हुई है। बुड़दूम, कोहकाबेड़ा, ताड़ेलबाया, तोड़मा के ग्रामीणों द्वारा आने जाने वाले श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत ना हो इसलिए तीन चार गांव के ग्रामीणों द्वारा मिलकर इस रास्ते को साल में एक बार सफाई की जाती है। तब बाइक एवं सायकिल पर लोग बड़ी मुश्किल से यहां पहुंच पाते हैं। भले ही यहां पहुंचने का मार्ग अत्यंत कठिन है और नक्सलियों की वजह से खौफनाक बना हुआ है। लेकिन इतनी अधिक संख्या में भक्तों का यहां पहुंचना लोगों के मन में देवों के देव महादेव की श्रद्धा को दर्शाता है।

## पेज 9 के शेष

#### पंचायत चुनाव के...

के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। दूसरे पक्ष से पीव्ही 42 विद्यानगर निवासी निवारन मंडल ने पुलिस को बताया कि 23 फरवरी की रात साढ़े 9 बजें गौतम बवाली के घर के सामने खुशी मनाते जा रहे थे, तभी आरोपी गौतम बवाली, उत्तम बवाली, विक्रम दास व अन्य के द्वारा हमारे घर के सामने से हल्ला करते क्यों गुजर रहे हो बोलते हुए गाली देने लगा। गाली देने से मना किया तो जान से मार देने की धमकी देते हुए मुझे और निरब मंडल के साथ हाथ मुक्का से मारपीट किया, जिससे मेरे सिर और छाती में चोट आया। निरब मंडल को कंधा और पैर में चोट आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

#### कृषि शिक्षा के...

वातावरण निर्मित करने के लिए उपयोगी संसाधन जैसे कम्प्यूटर, फर्नीचर, पत्रिकाएं, खेल सामग्री उपलब्ध कराने की बात कही, साथ ही छात्र-छात्राओं को व्यक्तिगत विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं सामाजिक गतिविधियों में भी भाग लेकर अपने आप को सुदृढ़ बनाने को कहा। अधिष्ठाता डॉ. नितिन कुमार रस्तोगी ने सम्मानीय अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की उपलब्धियों एवं जिला प्रशासन के द्वारा स्वीकृत निर्माण एवं निर्माणाधीन कार्यो जैसे महाविद्यालय से बालक छात्रावास तक सीसी रोड, बालिका छात्रावास के चारों ओर बाउंड्रीवॉल, महाविद्यालय परिसर में ओपन जिम, महाविद्यालय भवन के सामने सड़क पर ट्रेंचिंग वॉल सीताफल बगीचे में जल निकास निर्माण से संबंधित बातों पर प्रकाश डाला।

## खबर संक्षेप

### एनएमडीसी डीएवी पॉलीटेक्निक में कार्यशाला



**गीदम।** इंस्टिट्यूट इन्नोवेशन काउंसिल सेल के अंतर्गत एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक एजुकेशन सिटी जावांगा गीदम में एक कार्यशाला डिजाइन थिंकिंग एंड इनोवेशन डिजाइन विषय पर आयोजित किया गया था। इस कार्यशाला को एमएसएमई मिनिस्ट्री ऑफ माइक्रो स्मॉल एवं मीडियम एंटरप्राइजेज, भारत सरकार दुर्ग से आए हुए तकनीकी विशेषज्ञ भावेश प्रसाद एवं चंद्रशेखर देवांगन ने प्रस्तुत किया। कार्यशाला में कॉलेज के सभी विद्यार्थी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यशाला में सभी ने उच्च क्वालिटी मशीनरी के चालन एवं प्रयोग को जाना। मैकेनिकल मशीनरी, कंप्यूटर एवं रोबोट तकनीक के बारे में विस्तृत जानकारी साझा किया गया। इस कार्यक्रम को आईआईसी सेल के सदस्य पंकज शर्मा लेक्चर मैकेनिक ने मूर्त रूप दिया। इस आयोजन के प्रमुख वक्ता के साथ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर ने विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा में प्रायोगिक दृष्टिकोण से उच्च गुणवत्ता प्राप्त करने हेतु विशेष रूप से प्रेरित किया।

### विखं स्तरीय खेल स्पर्धा का आयोजन 2 मार्च को

**सुकमा।** बालिकाओं और महिलाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने एवं महिला खेल के प्रति वातावरण तैयार करने हेतु जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। महिला खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत जिला-सुकमा के तीनों विकासखण्ड सुकमा, कोटा और छिंदगढ़ में 2 मार्च को विकासखण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिनांक 8 मार्च को जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

---

**लापरवाही : एसडबल्यूएम के दिशा निर्देशों का उल्लंघन करते लाखों टन वेस्ट कर रहे डंप**

# तालाब और बस्ती के पास डंप करने से खतरा

**कारली, डीआईजी ऑफिस और बचेली में रिहायशी इलाकों में किया जा रहा डंप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

किरंदुल के एएमएनएस प्लांट से निकलने वाला आयरन ओर वेस्ट अलग-अलग जगहों पर डंप किया जा रहा है। जिसमें सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स का पालन नहीं किया जा रहा। कारली में पहले तालाब के बगल में इसे डंप किया गया, वहीं अब डीआईजी ऑफिस के पीछे बड़ी मात्रा में डंप किया जा रहा है। इसके साथ ही बचेली में यूनियन की ट्रक खड़े करने वाले स्थान

■ **परिवहन संबंधी सावधानी नहीं बरती जा रही**

पर भी डंप करना शुरू कर दिया गया है। इन सभी जगहों पर भारत सरकार द्वारा जारी एसडब्ल्यूएम के दिशा निर्देशों का उल्लंघन किया जा रहा है। प्रशासन की स्वीकृति और पुलिस विभाग की मौन सहमति से नियमों के विरुद्ध लाखों टन डंप लंबे समय से चल रहा है।

किरंदुल के आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील के प्लांट से निकलने वाला वेस्ट लोगों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। तीन साल पहले डंकनी नदी के तट पर एक लाख टन टेलिंग्स डंप करके इसके





अस्तित्व को खतरे में डाला गया और अब विभिन्न स्थानों पर मिट्टी खोदकर इस कचरे को बेतरतीब ढंग से डंप किया जा रहा है। डंप के साथ-साथ इसके परिवहन से संबंधित दिशा निर्देशों का भी पालन नहीं किया जा रहा है। इस ठोस औद्योगिक अपशिष्ट से पर्यावरण को होने वाले नुकसान का आकलन किए बिना ही प्रशासन ने लाखों टन डंप करने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। वहीं पुलिस विभाग ने भी प्लॉयिसटलाइन और डीआईजी ऑफिस के पीछे डंप करने की मौन सहमति ठेकेदारों को प्रदान कर दी है। जबकि आयरन ओर वेस्ट कहीं भी डंप करने से पहले सर्वे किया जाता है कि इससे जैव विविधता और पर्यावण को कोई नुकसान तो नहीं हो रहा। लेकिन दंतेवाड़ा में एक निजी कंपनी और परिवहन ठेकेदार मनमानी कर रहे है। कारली पंचायत की आपत्ति पर भी कोई विचार नहीं किया गया है।

### बिना एनओसी चल रहा काम

कारली स्थित पुलिस लाइन में एमटीओ कार्यालय के पीछे और डीआईजी कार्यालय के पीछे करीब 50 हजार टन डंप करने का आदेश जारी किया गया है। लेकिन इसके लिए ग्राम पंचायत की एनओसी तक नहीं ली गई। पंचायत के प्रतिनिधियों ने इसपर रोक लगाने प्रशासन से शिकायत भी की थी लेकिन इसके बावजूद काम जारी है। प्रशासन ने ग्रामीणों की शिकायत का संज्ञान भी नहीं लिया। इसी तरह बचेली में यूनियन की गाड़ी खड़े करने के स्थान पर भी बड़ी मात्रा में इसे डंप किया जा रहा है। यहां भी पालिका से एनओसी नहीं ली गई साथ ही कितनी मात्रा में इसे डंप करना है इसकी जानकारी भी सीएमओ को नहीं है। बताया जा रहा है कि केवल मौखिक आदेश पर ही यहां डंपिंग का काम चल रहा है जबकि पास में ही एक कॉलोनी भी है। एसडब्ल्यूएम के गाइडलाइन के अनुसार इसे किसी कॉलोनी या बसाहट के आसपास डंप नहीं किया जा सकता।

### पहले किया डंप अब बना रहे नाली

एमटीओ कार्यालय के पीछे इस आयरन ओर वेस्ट के भंडारण में गाइडलाइंस की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। यहां एक तालब के बगल में इसे डंप किया जा रहा है, जबकि एनजीटी ने अपने निर्णय में स्पष्ट रूप से कहा है कि नदी या तालाबों को डंपिंग साइट के तरह उपयोग ना किया जाए। साथ ही एसडब्ल्यूएम की गाइडलाइन के अनुसार भी इसे नदी से कम से कम सौ मीटर दूर वहीं तालाबों से दो सौ मीटर की दूरी पर डंप करने के निर्देश हैं। इसके परिवहन से उड़ने वाली धूल से कारली वासियों का जीना दूभर हो गया है और लोगों की आपत्ति पर फिलहाल काम बंद है। जहां इसे डंप किया गया वहां से एक बड़ी नाली भी बहती है। पहले टेलिंग्स को नाली के ऊपर डाल दिया गया और अब नई नाली का निर्माण शुरू किया गया है। जबकि इसे डंप करने से पहले नाली का निर्माण करना था। इतना ही नहीं बड़ी मात्रा में इसे खपाने के लिए यहां बड़े-बड़े गड्ढे खोदे गए हैं और ठेकेदार ने हरे भरे सागौन व अन्य पेड़ों की जड़ों को भी भारी नुकसान पहुंचाया है।

---

## सीईओ ने निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया...



**सुकमा।** जिला पंचायत सुकमा के सीईओ एवं रिटर्निंग ऑफिसर नम्रता जैन के द्वारा सुकमा जिले के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 2 तोंगपाल से शामबती यादव, 4 किकिरपाल से हुंगाराम मरकाम और 5 छिंदगढ़ से संजना नेगी को जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित होने पर निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

---

**अन्तर्राज्यीय स्पर्धाओं में करेंगे शिरकत**

## सत्यजीत को याद कर अभियान ने किया नाटक खुल्लम खुल्ला का मुहूर्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहर की जानी-मानी संस्था अभियान ने अपने नए नाटक खुल्लम-खुल्ला का मुर्हूत रविवार की शाम मैत्री संघ रंगमंच पर किया। अभियान के संस्थापक रंग निर्देशक सत्यजीत भट्टाचार्या के निधन के बाद अभियान द्वारा काफी लंबे अरसे तक कोई नई प्रस्तुति तैयार नही की गई थी। जिसके चलते हाल ही में गठित नई कार्यकारिणी ने इसे गति देने वरिष्ठ रंगकर्मी हेमंत सिंह के निर्देशन में नाटक खुल्लम-खुल्ला का मंचन करने का निर्णय लिया है। रविवार को मैत्री संघ रंगमंच पर अभियान के कलाकार एकत्र हुए और नाटक की स्क्रीप्ट जारी की गई। इस दौरान मौजूद सदस्यों में से नाटक के विभिन्न पात्र तय किए गए। अख्तर अली द्वारा लिखित इस नाटक में कुल 9 पात्र मंच पर अभिनय करेंगे। मुहूर्त के अवसर पर स्व सत्यजीत भट्टाचार्या के छायाचित्र के सामने दीप प्रज्जवलित



कर दो पात्र केतन महानंदी एवं शिवशंकर पिल्लई द्वारा नाटक के एक दृश्य के संवाद को अभिनय कर दिखाया गया। अभियान के अध्यक्ष कैलाश चौहान ने सभा को संबोधित करते कहा की हमारा प्रयास होगा की विश्व रंगमंच दिवस के पूर्व इस नाटक को तैयार कर दर्शकों के मध्य इसकी प्रेस्तुति दी जाए इसके बाद देश के विभिन्न प्रांतो में आयोजित होने वाले अंतर्राज्यीय स्पधाओं में अभियान हिस्सा लेगा। इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष प्रशांत दास, कोषाध्यक्ष समीर सेन, सहसचिव केतन महानंदी एवं सुलता महाराणा, गोवर्धन पानीग्रही, मथुरा प्रसाद तिवारी, प्रदीप महापात्र, धीरज कश्यप, अनूप कुर्रे, धीरज दास, सविता सहित अभियान के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

## चुनाव समाप्तः अब कहां से किसका किला हुआ मजबूत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

नक्सल प्रभावित कोंटा विकासखंड में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न होने के बाद अब किसका किला कितना मजबूत हुआ जानना है।

राजनितिक दलों से मिली जानकारी अनुसार जिला पंचायत

■ **जिपं के 4 जपं के 19 सीटों में स्पष्ट बहुमत नहीं, इस बार वनांचल के अनेक पंचायत लाल**

के चार सीटों में भाजपा एक सीट जगरगुंड़ा से तो सीपीआई एक सीट मिसमा से जीत चुकी है। वहीं दो सीट मनीकोंटा ढ़ोण्डरा में कांग्रेस का कब्जा हो गया है। वहीं जनपद पंचायत के उन्नीस सीटों में भाजपा आठ सीपीआई छह तथा कांग्रेस पांच सीट जीतने का दावा कर रही है। दुसरी ओर 67 पंचायतों के सरपंच पदों को लेकर राजनितिक दल स्पष्ट जानकारी नहीं दे पाई है। लेकिन अधिकतर पंचायतों में इस बार सीपीआई पार्टी समर्पित सरपंच जीत दर्ज कर लाल सलाम कॉमरेट की गूंज से अपना अभिवादन दे रहे है । वहीं अनेक प्रमुख पंचायतों में कांग्रेस भाजपा का अच्छा खासा खेला हो गया,और भाजपा कांग्रेस सरपंच भी जीत दर्ज किए है। खास बात यह है कि इससे पूर्व सीपीआई के सरपंच कोंटा विकासखंड में नाम मात्र के थे और इस बार संख्या कांग्रेस भाजपा को विचलित करने वाले सामने आए है।

### नक्सल क्षेत्र से लौटे दलों का हुआ स्वागत

आजादी के बाद पहली बार बने पोलिंग बूथों में वोटिंग कराकर हेलीकॉप्टर से वापस लौटे दल को मुख्यालय प्रमुख के अधिकारियों ने स्वागत बधाई दी।

ज्ञात हो कि जिला प्रशासन के अथक प्रयासों से खूंखार नक्सली हिड़मा के गृह गांव पूवर्ती सहित अन्य चार नक्सल प्रभावित क्षेत्र में इस बार नये पोलिंग बूथ बनाए गए थे। जहां ग्रामीण मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया था। पूवर्ती सहित अन्य क्षेत्र से सकुशल मतदान संपन्न करा कर लौटे दलों को कोंटा एएसपी आकाश राव गिरपूंजे रिटर्निंग आफिसर गिरिश निंबलकर एसडीएम शाबाब खांन जनपद सीईओ नारद कुमार मांझी एसडीओपी भानुप्रताभ चंद्राकर एवं कोंटा थाना प्रभारी सोनल ग्वाल ने नगर के स्थायी हेलीपैड में पहूंच लौटे दलों का स्वागत कर बधाई दी।

### कोंटा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में उत्साह

मनीकोंटा जिला पंचायत सीट पर जबरदस्त मुकाबले के बाद कांग्रेस प्रत्याशी सोयम बीमा ने जीत दर्ज कर ली है। इस सीट को लेकर सुबहा से सीपीआई कांग्रेस अपना अपना जीत का दावा कर फाइनल रूझान को मंझधार पर रहा था। जिसको लेकर तरह-तरह की चार्चाएं होती रही। इस सीट को लेकर दोनों पार्टी के लोग जीत का दावा कर रहे थे। पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष रहे सोयम भीमा ने सीपीआई भाजपा को पछाड़ते हुए मेहज साठ वोटों से चुनाव जीत कर तगड़ा झटका दिया है। जबकि इस सीट से कांग्रेस के दो प्रत्याशी मैदान में थे। इस ऐतिहासिक जीत पर प्रदेश कांग्रेस के पीसीसी सचिव एवं धर्मेन्द्र चौहान कोंटा पहूंच विजय प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दी।

---

## जनपद पंचायत बस्तर के क्षेत्र क्र. 22 से हेमराज बघेल की बड़ी जीत

**भोंड।** जनपद पंचायत बस्तर के क्षेत्र क्रमांक 22 के अंतर्गत ग्राम पंचायत आड़ावाल, भाटपाल, कोलचुर, परचनपाल और महुपालबरई से जनपद सदस्य पद पर हेमराज बघेल ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 560 मतों के बड़े अंतर से हराया। हेमराज बघेल को 2332, शामनाथ कश्यप को 1772, जगेश बघेल को 497,



तुलाराम कश्यप को 252, मत प्राप्त हुए। हेमराज बघेल को ग्राम पंचायत आड़ावाल से प्राप्त 766 मत, कोलचूर से 614 मत भाटपाल से 590 मत, महूपालबरई से 313 मत, परचनपाल से 49 मत प्राप्त किया। चुनाव परिणामों के अनुसार हेमराज बघेल को मतदाताओं का व्यापक समर्थन मिला है जिससे वे जनपद पंचायत की नए सदस्य बने। इस जीत के बाद उनके समर्थकों में उत्साह का माहौल है और गांवों में खुशी की लहर दौड़ गई है। हेमराज बघेल ने जीत के बाद कहा कि यह जीत जनता की जीत है, जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। उन्होंने आगे कहा कि वे क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्पक्ष से कार्य रहेगा। चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों ने जमकर जश्न मनाया। ढोल-नगाड़ों के साथ विजयी रैली निकाली गई और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। हेमराज बघेल ने बताया कि वे क्षेत्र में सड़क, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए विशेष ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य ग्रामीण विकास को गति देना और जनता की समस्याओं का समाधान निकालना है।

---

## एनमडीसी परिसर में राजभाषा तकनीकी सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली







एनएमडीसी बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स में राजभाषा तकनीकी सेमिनार का आयोजन सोमवार को संपन्न हुआ। बचेली परियोजना प्रमुख बी वेंकटेश्वरलु के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस निगम स्तरीय राजभाषा तकनीकी सेमिनार में एनएमडीसी की विभिन्न परियोजनाओं से प्रतिभागी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बचेली प्रतिबिंब पत्रिका का विमोचन किया गया।

परियोजना द्वारा निर्धारित दो तकनीकी विषयों पर आयोजित किए गए इस राजभाषा सेमिनार में कुल 20 प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बी वेंकटेश्वरलु अधिशासी निदेशक ने अपने उद्बोधन में सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए इस आयोजन को राजभाषा के साथ-साथ तकनीकी क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण आयोजन बताया। कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन में महेश नायर महाप्रबंधक कार्मिक सह सर्वकार्यभारी अधिकारी राजभाषा ने मुख्य अतिथि व विभिन्न परियोजनाओं से पधारे आलेखदाताओं का स्वागत करते हुए पूर्व के वर्षों में आयोजित तकनीकी सेमिनारों की जानकारी दी। धन्यवाद ज्ञापन सौरभ कुमार उप महाप्रबंधक कार्मिक ने एवं कार्यक्रम संचालन सौरभ चढ़ार सहायक प्रबंधक राजभाषा ने किया। इस कार्यक्रम में पी रामय्यन, मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन, विभिन्न विभागाध्यक्षों एवं यूनियनों के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

---

**राग तिलक कामोद पर आधारित बंदिश और ठुमरी से दर्शक आनंदित हुए**

## बसंतोत्सव में सुगम संगीत व गजलों की रोचक प्रस्तुति ने किया सराबोर

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

संगीत समूह स्वरागिनी द्वारा 22 फरवरी को स्थानीय लागू वाटिका प्रांगण में वसंतोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में स्थानीय कलाकारों ने सुगम संगीत और गजलों की प्रस्तुति से श्रोताओं को संगीत के रस से सराबोर किया । कार्यकम की शरुआत मां सरस्वती पूजन से हुई।

डॉ लागू के संक्षिप्त उद्‌बोधन के पश्चाात राग पर आधारित शास्त्रीय गायन एवं सुगम संगीत प्रस्तुत किया गया। जिनमें गिरीश चिंचोलकर द्वारा राग यमन पर सरस्वती वंदना, बलराम साबड़े द्वारा राग मेघ मल्हार और मियां मल्हार राग पर आधारित बंदिश बैंडिट सीरीज की लोकप्रिय बंदिश गरज गरज आज मेघ बंदिश और राजकुमार के द्वारा राग तिलक कामोद पर आधारित बंदिश



और ठुमरी से दर्शक आनंदित हो गये। इसी क्रम में डॉ लागू द्वारा प्रस्तुत फिल्म गदर की बंदिश ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। गजल के क्रम में डॉ ज्योति लागू, (सलोना सा सजन है), आभा सामदेकर (अगर मुझसे मोहब्बत है), देवशरण तिवारी और उनके सुपुत्र अक्षत तिवारी ने (चल मेरे साथ ही चल) और फिर देवशरण तिवारी जी ने होश वालों को खबर क्या, नजर मुझसे मिलाती हो जैसी कई लोकप्रिय गजलों की प्रस्तुति से समां बांध दिया, गिरीश चिंचोलकर (हम तेरे शहर में आये हैं) ने मधुर गजल सुनाकर समा बांधा और दर्शकों की प्रशंसा प्राप्त की। दो घंटे तक चले इस कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ कर एक ग़ज़ल और सुगम संगीत की प्रस्तुति दी।

गायन की सभी प्रस्तुतियों में तबले पर मनीष मिश्रा डब्बू , हारमोनियम पर राजकुमार, गिटार पर रोहित मौर्य और कीबार्ड पर अमित जंघेला ने संगत की और प्रस्तुतियों को कर्णप्रिय बनाया। अपने खास अंदाज में वसंत ऋतु की जानकारी, शास्त्रीय रागों की जानकारी और उपयुक्त शायरी के साथ मंच संचालन अभय सामदेकर और ऋतु त्रिवेदी ने किया और पूरे कार्यक्रम में दर्शकों को बांधे रखा।

---

## कालीपुर कोसममुड़ा में विराजे महाकाल का होगा शिवरात्रि पर रूद्राभिषेक

**जगदलपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड व कालीपुर ग्राम पंचायत के मध्य स्थित कोसममुड़ा तालाब के उपर बने शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक का धार्मिक आयोजन किया जाएगा। महाशिवरात्रि के एक दिन पहले मंगलवार के शुभ अवसर पर मंदिर समिति द्वारा नया मंदिर कलश (गुम्बज) स्थापित किया जाएगा। जबकि महाशिवरात्रि के दूसरे दिन 27 फरवरी को महाभंड़ारा का आयोजन किया गया है। ग्राम कालीपुर के हर-हर महादेव सेवा समीति सदस्य संतोष कुमार दत्ता (छोटु) ने बताया कि यह मंदिर पूर्व में जीर्ण-शीर्ण था जिसे जनसहयोग से निर्माण किया गया है और प्रतिदिन यहां-पूजा अर्चना किया जाता है। महाशिवरात्रि व सावन के महीने में पूजा -अर्चना करने बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर रुद्राभिषेक किया जाएगा और नया गुंबद लगाएं जाएंगे।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### महाशिवरात्रि पर निकाली जाएगी महादेव की बारात

**कांकेर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी श्रीश्री महाकाल भक्त सेवा समिति एवं सर्व हिन्दू समाज के द्वारा शहर में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से आयोजन किया जाएगा। देवो के देव महादेव एवं जगत जननी माता पार्वती का शुभ विवाह संपन्न हुआ था। श्रीश्री महाकाल भक्त सेवा समिति एवं सर्व हिन्दू समाज के द्वारा इस वर्ष भी बुधवार 26 फरवरी को भगवान भोलेनाथ की बारात शहर में निकाली जाएगी। समिति द्वारा बुधवार 26 फरवरी को सुबह 7 बजे शिव विवाह पूजन के बाद कार्यक्रम स्थल घड़ी चौक में भंडारे का आयोजन सुबह 11 बजे से किया जाएगा एवं इसके बाद शाम साढ़े 4 बजे से भव्य और पुण्यमय महादेव की बारात में नाउत नाचा झांकी के साथ श्री जय महाकाल अघोरी ग्रुप दुर्ग व आकर्षक झांकी से निकाली जाएगी, जो पूरे शहर में भ्रमण करेगी।

### एक दर्जन से अधिक लोगों ने थामा कांग्रेस का दामन



**जगदलपुर।** राजीव भवन में कांग्रेस सरकार की रीतिनीति व छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की कार्यशैली से प्रभावित होकर बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के समक्ष दर्जनों लोगों ने कांग्रेस का दामन थामा। इस दौरान शहर जिला अध्यक्ष ने कांग्रेसी गमछा पहनाकर नए सदस्यों को विधिवत प्रवेश कराया। कांग्रेस प्रवेश करने वालों में शोभा गण्डोत्रा, गुरमीत कौर, कलसी, रजिन्दर कौर,अनुशा दया, मुनमुन कश्यप, जिया खान, रंजिता नायर, रेहाना बेगम, सुनीता हान, सोसन वृन्दा गुण्डे सहित अन्य लोगों ने कांग्रेस प्रवेश किया। इस अवसर पर महामंत्री जाहिद हुसैन, सुषमा सुता, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, कोषाध्यक्ष असीम सुता, उपाध्यक्ष नीला सुक्रिया, ललिता राव आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मियों को 4 माह से मानदेय नहीं



**जगदलपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के समस्त कर्मचारियों को 4 माह से मानदेय नहीं मिलने से कर्मचारियों को आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान है। इसके चलते कर्मचारियों ने सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन देकर मानदेय दिलाने की मांग की। बस्तर जिला में कार्यरत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के समस्त कर्मचारियों को 4 माह से मानदेय आहरण समय से नहीं हो रहा है, जिसके कारण आर्थिक एवं मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिसके संबंध में कर्मचारियों द्वारा मुख्य चिकित्या एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में कई बार आवेदन मौखिक और लिखित प्रेषित किया गया है। इसलिए कलेक्टर से समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द कराने की मांग की।

सम्मान : पुष्पमाला, बैज और प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया सम्मान

# ब्रह्माकुमारीज द्वारा नवनिर्वाचित नगर पालिका सदस्यों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





पंडरीपानी में स्थित ब्रह्माकुमारीज संस्था प्रांगण में नगर पालिका के सभी नव निर्वाचित सदस्यों को संस्था की संचालिका और भाई-बहनों द्वारा तिलक, पुष्प माला, बैज और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। सम्मान के साथ अग्रिम त्रिमूर्ति शिव जयंती भी मनाई गई। सभी अतिथियों ने शिव ज्योर्तिलिंग पर पुष्प अर्पित किया और दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। केक कटिंग कर शिव ध्वज लहराया।

मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने कहा आप सभी ने मुझ पर विश्वास करके मेरा चुनाव किया है। मैं आश्वासन देता हूं कि अपने सदस्यों के साथ मिलकर कांकेर को बेहतर बनाने का पूरा प्रयत्न करेंगे और आज शिव बाबा से हमें आशीर्वाद भी मिल गया है। आप नगरवासियों के पास कोई भी किसी भी प्रकार की समस्या अगर आती है, उसका हम जरूर निराकरण करेंगे। आप हमारे पास अपनी बात रख सकते हैं। हम अपने वादों पर खरे उतरेंगे। आपने हमें अवसर दिया है, उसके लिए धन्यवाद। विशिष्ट अतिथि मांझापारा वार्ड के पार्षद हितेंद्र खटवानी ने और संजय नगर वार्ड के पार्षद मोहम्मद सलीम मेमन ने भी अपने सारगर्भित सुविचार रखे और आश्वासन दिया कि हम अच्छे कार्य करेंगे। इस अवसर पर संयुक्त ठाकुर ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। खोमिया मगेंद्र ने स्वागत नृत्य किया और निर्मला नायक ने शिव गीत गाया। संस्था प्रमुख बीके रामा दीदी ने नगर पालिका अध्यक्ष और सभी पार्षद गणों का ब्रह्माकुमारीज संस्था की ओर से अभिनंदन किया और कहा हम सभी एक परमात्मा के बच्चे भाई-भाई हैं। हमें सबके प्रति अच्छी भावना रख कर चलना है। हमें हर समय ईश्वर की याद में रहकर कार्य करना है। इससे हमारा हर कार्य बेहतर होगा। वह हमारा पिता है और पिता से मांगा नहीं जाता है, अधिकार से लिया जाता है। शिव परमात्मा का अवतरण हो चुका है और वह सभी के अज्ञान अंधेरे को दूर कर ज्ञान प्रकाश देकर मानव को देव तुल्य बना रहा है। सृष्टि परिवर्तन का बीड़ा स्वयं उसने उठाया है। वह हमें स्वराज अधिकारी से विश्व राज्य अधिकारी बना रहे हैं। आप सभी अपने-अपने वार्ड के नगर से चुनकर एक शासक के रूप में आए हैं, अर्थात आप भी अपने-अपने स्थान के एक छोटे राजा के समान है। ईश्वर से शक्ति लेकर राजयोग के द्वारा हमें पहले अपने कर्म इंद्रियों पर नियंत्रण रखना है। स्वराज्य अधिकारी बनना है, फिर हम बेहतर कार्य कर सकेंगे। ऐसा कार्य इस क्षेत्र में करें जो किसी ने किया ही ना हो और बार-बार विजयी बने।

इस अवसर पर सत्य प्रकाश शर्मा, बीके कृष्णा दीदी, चंद्रलोक सिंह ठाकुर, चित्रलेखा जैन, नरेंद्र साहू, सुशील यादव, विकास कुमार, टिकेंद्र ठाकुर, मीरा सलाम, ओमप्रकाश देवांगन, कामिनी राजेश नेताम, जितेंद्र वैद्य, उत्तम यादव, मंजू सारथी और भूतपूर्व विधायक, मुकेश तिवारी व अन्य उपस्थित रहें।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही 4 शिक्षकों को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




त्रिस्तरीय आम निर्वाचन 2025 के तहत अंतिम चरण का मतदान के पश्चात सामग्री जमा करने के दौरान कार्य में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने चार शिक्षकों को निलंबित किया है।

जानकारी अनुसार मतदान केंद्र क्रमांक 72 में पीठासीन अधिकारी के रूप में प्राथमिक शाला पीवी 68 के प्रधान पाठक माध्यमिक शाला ताडहूर मन्नूलाल नेताम, मतदान अधिकारी दो प्राथमिक शाला पीवी 71 के सहायक शिक्षक देवराज तितराम, मतदान अधिकारी एक माध्यमिक शाला पीवी 15 के शिक्षक बिद्युति विश्वास और मतदान अधिकारी तीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिकसोड़ के सहायक शिक्षक विवेक एक्का को मतदान पश्चात मतदान सामग्री वापसी के दौरान सिर्फ मतपेटी जमा कर अन्य निर्वाचन सामग्री संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज जमा नहीं किए जाने व निर्वाचन सामग्री के साथ अनुपस्थित रहने तथा दूसरे दिन 24 फरवरी को प्रातः साढे आठ बजे तक निर्वाचन सामग्री संग्रहण केंद्र में जमा नहीं किया गया। निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही को दर्शाता है। उक्त कृत्य कदाचरण एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत है। उक्त कार्य के लिए चारों शिक्षकों को निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी भानुप्रतापपुर मुख्यालय होगा। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### वाहन विक्रेता व फायनेंसर एक माह के अंदर प्रदान करेंगे वाहन के दस्तावेज

**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा सोमवार को एक प्रकरण में आवेदिका को वाहन विक्रेता और फायनेंसर द्वारा एक माह के भीतर वाहन से सबंधित दस्तावेज प्रदान करेंगे। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल और सदस्य आलोक कुमार दुबे की संयुक्त खंडपीठ द्वारा आदेश जारी किया गया है। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम विश्रामपुरी जिला कोंडागांव निवासी श्रीमती कुंती नेताम द्वारा जॉन डियर ट्रैक्टर शोरूम रायपुर से वर्ष 2018 में एक ट्रैक्टर एवं ट्राली क्रय किया गया था और उक्त ट्रैक्टर एवं ट्रॉली क्रय करने हेतु कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड कोंडागांव से फायनेंस प्राप्त किया गया था।

## 444 श्रद्धालु श्रीरामलला दर्शन के लिए अयोध्या धाम हुए रवाना

**कांकेर।** जिले के निवासियों को अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन कराने के लिए श्री रामलला दर्शन योजना शुरू किया गया है। इस योजना के तहत जिले से हर साल लगभग 864 श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम की मुफ्त तीर्थयात्रा की सुविधा प्रदान करता है। श्रद्धालुओं को विशेष आस्था स्पेशल ट्रेनों के माध्यम से अयोध्या ले जाया जाता है, जहां वे श्री रामलला के दर्शन कर सकते हैं।

- हर साल लगभग 864 श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम की मुफ्त तीर्थयात्रा की सुविधा

0 स्पेशल ट्रेनों के माध्यम से होती है यात्रा

**छटवें चरण में 444 श्रद्धालु अयोध्या धाम हुए रवाना :-** जिले के अब तक 06 चरण में 444 श्रद्धालु श्री रामलला दर्शन के लिए अयोध्या धाम रवाना हुए हैं। श्रद्धालुओं को स्पेशल ट्रेन के माध्यम से भेजा गया है, प्रत्येक चरण में 72 दर्शनार्थियों के साथ 02 अनुरक्षक भी शामिल रहते हैं। योजना के तहत यात्रा के लिए इच्छुक हितग्राही निर्धारित प्रपत्र में फोटो एवं निवास प्रमाण पत्र सहित सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों में आवेदन प्रस्तुत करते है। जिलेवार यात्रियों की कोटा निर्धारित की गई है, जिसमें कांकेर जिले के लिए यात्री संख्या कोटा 74 है। श्री रामलला दर्शन योजना योजना के लिए हितग्राही की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष व अधिकतम उम्र 75 वर्ष है। इस योजना के 25 प्रतिशत हितग्राही शहरी क्षेत्र के होंगे एवं 75 प्रतिशत हितग्राही ग्रामीण क्षेत्र के रहते है। प्रत्येक स्थान की यात्रा हेतु प्राप्त आवेदनों में से उपलब्ध कोटे के अनुसार यात्रियों का चयन किया जाता है। यदि निर्धारित कोटे से अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं, तो लाटरी द्वारा यात्रियों का चयन किया जाएगा। कोटे के 25 प्रतिशत अतिरिक्त व्यक्तियों की प्रतीक्षा सूची भी बनायी जाती है। चयनित यात्री के यात्रा पर न जाने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित व्यक्ति को यात्रा पर भेजा जाता है। कांकेर जिले से आज तक 444 श्रद्धालु श्रीरामलला दर्शन कर चुके है।

### बीए फाइनल के विद्यार्थियों को दी गई विदाई, खेल और इवेंट्स का हुआ आयोजन



**चारामा।** शासकीय शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय चारामा में बीए भाग तीन अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों को 23 फरवरी को बीए प्रथम सेमेस्टर और द्वितीय वर्ष अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों ने मिलकर विदाई दी। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। रवीन्द्र सिंह चंद्रवंशी ने विद्यार्थियों को उच्चत्तर शिक्षा तथा उद्यमिता के क्षेत्र में भविष्य निर्माण पर बल दिया। वरिष्ठ विद्यार्थी रिशिता देवांगन, थानेश्वरी देवांगन, गीतेश्वरी वांगन,शशिकला निषाद, पूजा कांगे, निखिल लावत्रे, धर्मेंद्र, धनेश्वरी साहू, खेमराज साहू, दीप्ती आदि ने महाविद्यालय में अपने तीन वर्षों के अनुभव को अपने उदबोधन में कनिष्ठ विद्यार्थियों से साझा किया। वरिष्ठ विद्यार्थियों के लिए कनिष्ठ विद्यार्थियों ने कई प्रकार के गेम और इवेंट्स जैसे बलून गेम, ऑल पिन गेम, पर्ची के माध्यम से डांस, गाना, शायरी आदि आयोजन किया था।

## पुना पर्रियान योजना के तहत फिजिकल दक्षता के लिए 27 से दो दिनी कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- फिजिकल दक्षता की तैयारी के लिए होगा कैंप

जिला प्रशासन की पहल पुना पर्रियान योजना के तहत क्षेत्र के ऐसे युवा छात्र जो सेना अग्निवीर, जल, थल, वायु सेना भर्ती, पुलिस एसआई भर्ती, पुलिस आरक्षक भर्ती, वनरक्षक भर्ती या ऐसे परीक्षा की तैयारी कर रहे है उन छात्रों के लिए जिला प्रशासन कांकेर ने विकासखंड भानुप्रतापपुर मुख्यालय से 2 किमी. की दूरी पर ग्राम चौगेल (मुल्ला) में शारिरीक दक्षता की तैयारी के लिए ट्रैक का निर्माण किया गया है। पंजीकृत छात्रों के चयन के लिए दो दिवसीय कैंप का आयोजन 27 एवं 28 फरवरी को कैम्प स्थल पर किया जाएगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने बताया कि चौगेल (मूल्ला) में पुराना बीएसएफ का कैंप रहा है, जिसे जिला प्रशासन ने अधिगृहित किया है, यहां पर क्षेत्र के युवाओं के लिए शारिरीक दक्षता परीक्षा को पास करने के लिए विभिन्न ट्रैक का निर्माण कर छात्रों के फिजिकल एवं मेंटल एबिलिटी की तैयारी कराई जाएगी। इसके लिए विषेषज्ञों की टीम कार्य करेगी, यहां पर विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण छात्रों को दिया जाएगा, उनके डाईट, समय प्रबंधन इत्यादि को ध्यान में रखा जाएगा, जो छात्र कैंप में रहकर तैयारी करना चाहते है, उनके लिए निःशुल्क आवास की सुविधा भी दी जाएगी। बच्चों को अपने भोजन की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। इसके लिए टाईम शेडयूल तैयार कर लिया गया है। पूर्व में पंजीकृत व चयनित छात्रों का प्रशिक्षण कार्यक्रम अतिशीध्र प्रारंभ किया जाएगा। वर्तमान में इन छात्रों का चयन 27 एवं 28 फरवरी को प्रातः 09 बजे से किया जाएगा। खेल मैदान, रनिंग ट्रेक, जीम इक्युपमेंट आदि की व्यवस्था की जा रही है। अब तक 262 से अधिक छात्र पंजीयन भी करा चुके हैं। जिन छात्रों ने पंजीयन नही कराया है तथा जो चयन प्रक्रिया में भाग लेना चाहते है ऐसे युवा भी भाग ले सकते है।

### पैराडाइज की प्रश्नोत्तरी में आरेंज हाउस विनर



**कांकेर।** पैराडाइज स्कूल में प्रिपरेटरी क्लास के छात्र-छात्राओं के लिये सभी विषय के सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें तीसरी से पांचवी तक के चार हाउसेस रेड हाउस, ग्रीन हाउस येलो हाउस, ऑरेंज हाउस के 24 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें ऑरेंज हाउस विनर रहा। इस प्रतियोगिता में सात राउड में 28 प्रश्न पूछे गए, जिसमें ऑरेंज हाउस के विद्याथियों ने अधिक प्रश्नों के सही जवाब दिए। द्वितीय स्थान ग्रीन हाउस तथा तृतीय स्थान पर रेड हाउस रहा। विजेता हाउस के छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। ज्ञानवर्धक कार्यक्रम प्राचार्य रश्मि रजक के मार्गदर्शन में हुआ।

### विवि में इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल



**जगदलपुर।** शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल एवं पीएम उषा मेरू कम्पोनेंट के तहत सोमवार को वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला द्वारा एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। इसमें विवि के 93 छात्र-छात्राएं प्री इन्क्यूबेशन यूनिट शहीद गुंडाधुर कृषि एवं अनुसंधान महाविद्यालय में आधुनिक कृषि तकनीकों और नवाचारों से अवगत हुए। विजिट के दौरान कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ आरएस नेताम ने कृषि से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। विभागाध्यक्ष (वानिकी एवं वन्यजीव) प्रो शरद नेमा ने वर्तमान समय में नवाचार के महत्व पर अपने विचार रखे। तकनीकी सहायक उपेन्द्र नायक और राजेश पटेल ने मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, तीखुर की खेती, पाम की खेती और इंटीग्रेटेड फार्मिंग के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया।



## बाल श्रम अपराध कार्रवाई के लिए जिला टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग द्वारा बाल एवं किशोर श्रम के उन्मूलन की दिशा में बचाव अभियान कार्यक्रम अनुसंधान और तथ्य-खोज अध्ययन आदि जैसी विभिन्न गतिविधियों का संचालन कर रहा है। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा बाल श्रम उन्मूलन पर निगरानी के लिए जिला स्तरीय दल गठित किया है। जिला स्तरीय गठित टीम में श्रम निरीक्षक, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, उप निरीक्षक जिला बाल अपराध शाखा, पुलिस विभाग, एपीसी जिला शिक्षा अधिकारी एवं प्रभारी चाईल्ड लाईन कांकेर इत्यादि सम्मिलित है। बाल श्रम पाए जाने पर नियोजकों को 06 माह से 03 वर्ष तक कारावास या 20 हजार से 50 हजार रूपए जुर्माना का प्रावधान है। धारा 12 के तहत धारा 3 (ए) एवं धारा 14 का सारांश सूचना प्रदर्शित नहीं किए जाने पर न्यायालय में वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## जीत पर आंवरी सरपंच व पंच ने निकाली रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

विकासखंड चारामा के ग्राम पंचायत आंवरी में हाल ही में संपन्न हुए चुनाव में विजयी सरपंच और पंच प्रत्याशियों ने गाजे-बाजे के साथ भव्य आभार रैली निकाली। रैली में बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने जनप्रतिनिधियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। आयोजित रैली के दौरान नव-निर्वाचित सरपंच जय प्रकाश गावड़े ने ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राम के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। सड़क, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता देकर आवरी को एक आदर्श ग्राम बनाने की दिशा में कार्य करूंगा। इस अवसर पर पंच प्रत्याशियों ने भी अपने विचार साझा किया और ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि वे मिलकर पंचायत के विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

## प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन अधिनियम के विरोध में ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



अधिवक्ता संघ भानुप्रतापपुर ने प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन अधिनियम के संबंध में विरोध करते हुए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए नारेबाजी किया। अधिवक्ता संघ ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि विधि एवं न्याय मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अधिवक्ता अधिनियम में संशोधन बाबत अधिवक्ता संशोधन अधिनियम 2025 प्रस्तावित किया गया, जिसमें अधिवक्ता की स्वतंत्रता एवं हितो का हनन होगा। उक्त संशोधन अधिनियम के अनुच्छेद 19 (1) (जी) एवं अन्य विवादास्पद अनुच्छेद अधिवक्ता अधिकार के विरूद्ध है। उक्त संबंध में आपत्ति स्वरूप अधिवक्ता संघ भानुप्रतापपुर के समस्त अधिवक्तागण व नोटरी 24 फरवरी को एक दिवसीय हड़ताल पर रहकर तथा न्यायालयीन कार्य से विरत रहकर विरोध करेंगे। इस दौरान अध्यक्ष अधिवक्ता संघ भानुप्रतापपुर चंद्र कुमार कटझरे, राजेश तिवारी, होरी लाल यदु, निखिल ठाकुर, महेश दर्रो, रमेश, सीमा तिवारी, वनिता सोनी, ईश्वरी साहू, संतोष साहू, शैलेंद्र कुमार मरकाम, सुकलाल सलाम, शनि गोटा उपस्थित रहें।







